आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- आज होली है। इस अवसर पर द्वीपों के उपराज्यपाल ने सभी द्वीपवासियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी है।
- मुख्य सचिव ने मवेशियों के सुरक्षित आश्रय और चरागाह के लिए त्रिवेणी गौ आश्रय–सह–चारा भूमि का उद्‌घाटन किया।
- भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबेटिक्स टीम ने कल मरीना पार्क के उपर अपनी हवाई करतब दिखाए।
- एम. वी. नालंदा कल दोपहर दो बजे हैडो जेट्‌टी से चेन्नई के लिए छूटेगा।

<><><><><><><>

आज होली है। इस पावन अवसर पर द्वीपों के उपराज्यपाल और द्वीपविकास एजेन्सी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी. के. जोशी ने सभी द्वीपवासियों को अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा–होली एक रंगीन उत्सव है, जो हमारे राष्ट्र की सांस्कृतिक संरचना में एक विशेष स्थान रखता है। यह त्योहार लोगों के बीच आपसी प्रेम और एकता को प्रोत्साहित करता है और हमारे विविध समाज में जीवंत रंगों और सहिष्णुता की भावना का प्रतीक है। यह त्योहार सभी द्वीपवासियों के जीवन में समृद्धि और खुशियां लाए और हमारा द्वीप विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहे। इस अवसर पर पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने लोगों को अपनी शुभकामनाए देते हुए कहा कि यह त्यौहार सभी लोगों में खुशी, साकारात्मकता और एकता का संदेश फैलाती हैं। उधर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विशाल जॉली ने भी द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी है। इस दौरान कल होली समारोह की पूर्व संध्या पर कला एवं संस्कृति निदेशालय ने भोजपुरी समाज के सहयोग से अंडमान क्लब में फाग कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार मुख्य अतिथि थे।

मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में सबसे पहले लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। मुख्य सचिव ने कहा कि रंगों का यह त्योहार एकता और भाईचारे की भावना को पोषित करता है। मुख्य सचिव ने त्योहार के हिस्से के रूप में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कला एवं संस्कृति विभाग की सराहना की। उधर, हिन्दी साहित्य कला परिषद में भी होली के अवसर पर एक सुन्दर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की गई।

<><><><><><><>

रिजर्व बैंक ने अकाउंट एग्रीगेटर इकोसिस्टम की देख–रेख के लिए एक स्व–नियामक के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। बैंक द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार, इच्छुक आवेदक पन्द्रह जून तक प्रवाह पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। बैंक ने कहा है कि आवेदन निर्धारित प्रारूप में होने चाहिए। मान्यता देने के बारे में कोई भी निर्णय, आवेदन अवधि के दौरान प्राप्त सभी पात्र आवेदनों पर विचार करने के बाद लिया जाएगा। इस मामले में रिजर्व बैंक का निर्णय अंतिम होगा।

<><><><><><><>

भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबेटिक्स टीम ने कल श्री विजयपुरम के मरीना पार्क के उपर अपनी अविश्नीय उड़ानों और रोमांचक हवाई करतबों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भव्य आयोजन में अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के उपराज्यपाल और रक्षा से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों की विशेष उपस्थिति रही। इसके अलावा बडी संख्या में स्कूली छात्र–छात्राओं ने भी इस अद्भूत प्रदर्शन का आनन्द लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सूर्य किरण टीम द्वारा आकाश में तिरंगे का निर्माण था, जिसने देशभक्ति की भावना को चरम पर पहुंचा दिया। टीम ने डाइमण्ड फॉर्मेशन पर उडान भरते हुए अपनी सटीकता और तालमेल का प्रदर्शन किया। इसके बाद वार्टिकल स्प्लिट करतब में फाइटर जेस्ट ने हवा में एक दूसरे अलग होत हुए तेजी से उपर की उडान भरी। सूर्य किरण टीम के इन शानदार करतबों ने भारतीय वायु सेना की उद्भूत क्षमताओं और उनके पायलटों के कौशल का प्रदर्शन किया, जिसे देखकर दर्शक गर्व और रोमांच से भर गए।

<><><><><><><>

भारत के चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, तक ई आर ओ, डी ई ओ या सी ई ओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। कल राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी के अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की भी परिकल्पना की है। इससे पहले, पिछले सप्ताह ई सी आई सम्मेलन के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त, ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सी ई ओ, डी ई ओ और ई आर ओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित रूप से बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने और इक्कतीस मार्च तक आयोग को एक कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया

के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचाने गए अट्ठाईस हितधारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक हैं।

<><><><><><><>

सरकारी प्रेस से सिंक्लियर जंक्शन तक जाने वाली ईस्ट कोस्ट रोड़ में विकासीय कार्यों के चलते यह सड़क वाहनों की आवाजाही के लिए पच्चीस मार्च तक बन्द रहेगी। इस सभी वाहनों को सर्किट हाउस वाले मार्ग का इस्तेमाल करना होगा।

<><><><><><><>

एम. वी. नालंदा कल दोपहर दो बजे हैडो जेट्टी से चेन्नई के लिए छूटेगा। यात्रियों की स्वास्थ्य परीक्षा दोपहर बारह बजे की जाएगी। अतिरिक्त सामानों को लादने का कार्य आज दोपहर बाद दो बजे से चार बजे के बीच किया जाएगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के खेल एवं युवा मामले निदेशालय की ओर से द्वीपों की लड़कियों और महिलाओं के लिए एरोबिक डांस क्लास का आयोजन किया जाएगा। नेताजी स्टेडियम खेल परिसर में सत्रह मार्च से शाम तीन से पांच बजे तक एरोबिक डांस क्लास चलेगी। इच्छुक प्रतिभागी अपना नाम खेल एवं युवा मामले निदेशालय की पी ई टी डॉ. एस. उषा रानी के पास सभी कार्य दिवसों में पंजीकृत करा सकते हैं।

<><><><><><><>